


OJCC 936007

Affidavit before

(1) लेख्यकारी का नाम एवं पूरा पता :

मो0 हस्सानुल हक पिता का नाम बशीर अहमद, खुद वो वहैसियत मोख्तारआम मिनजानिब 1. मो0 अफजालुल हक पिता का नाम अब्दुल कयूम, 2. मो0 ऐहसानुल हक पिता का नाम बशीर अहमद एवं 3. बीबी अख्तरी फातमा पति का नाम मो0 अयुब एवं

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd



पिता का नाम अब्दुल कयूम, सभी का निवास स्थान महल्ला- दरमाह शाह आरजां, कुम्हरार हाउस, थाना- सुलतानगंज, जिला- पटना । मोख्तारनामा आम की रजिस्ट्री तारीख 17-1-1984, बुक नं0- 4, जिल्द नं0- 1, पेज नं0- 185 से 189, वसीका नं0- IV-8, निबंधित- पटनासिटी है । लेख्यकारी भारतीय नागरिक है ।

(2) लेख्यधारीगण का नाम एवं पूरा पता :

(1) श्रीमती शकुन्तला यादव पति का नाम श्री बृज नन्दन यादव,

(2) श्री बृज नन्दन यादव पिता का नाम श्री अमर सिंह यादव, दोनों का निवास स्थान ग्राम- खरथुआ, थाना- हरनौत, जिला- नालन्दा । भारतीय नागरिक हैं ।



(3) लेख्य प्रकार - निर्विवाद विक्रय पत्र ।


(4) सम्पत्ति का मूल्य- अंकेन 2,58,000/- दो लाख अन्ठावन हजार रूपये मात्र ।

(5) सम्पत्ति का सम्पूर्ण विवरण -

क्षेत्रफल-5602.4 वर्गफीट (पांच हजार छः सौ दो दशमलव चार वर्गफीट) एराजी जमीन पस्ती लायक सकना सम्पत्ति अवस्थित मौजा- कुम्हरार, थाना- सुलतानगंज, जिला- पटना । अवर निबंधन कार्यालय पटनासिटी वो जिला निबंधन कार्यालय पटना सदर । सम्पत्ति पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार क्षेत्र के अंदर है । जिसका तौजी नं0- 26 (छब्बीस), थाना नं0- 12 (बारह), खाता नं0- 52 (बावन), खसरा नं0- 403 (चार सौ तीन) का पार्ट ।

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director



सम्पत्ति का वार्षिक लगान अंकेन 3/-रूपया, अलावे शेष, अंचल सदर पटना ।

विक्रयपत्र के साथ मानचित्र संलग्न है, जिसमें विक्रय सम्पत्ति को लाल एवं हरा रंग से दर्शाया गया है । मानचित्र इस विक्रयपत्र का अभिन्न अंग है वो रहेगा ।

उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की सूचना सक्षम पदाधिकारी, शहरी भूमि हदबंदी कार्यालय, पटना को दिनांक 8-12-2000 ई0 को दे दी गयी है। जिसका वाद नं0- 10739/2000 है, जिसकी साठ दिनों की अवधि पुरी हो चुकी है ।

16.2.2001

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director



चौ ह द् दी

उत्तर : 20 फीट चौड़ा रास्ता बादहू खसरा नं0- 403

दक्षिण: खसरा नं0- 387

पुरब : खसर नं0- 403

पश्चिम: रोड

लेख्य संदर्भ

यह कि उपरोक्त खाना संख्या- 5 में वर्णित विक्रय सम्पति और भी सम्पतियों के साथ लेख्यकारी एवं उनके मुवक्किलगण का खानदानी सम्पति है ।

यह कि उपरोक्त खाना संख्या- 5 में वर्णित विक्रय सम्पत्ति एवं और भी सम्पतियों के निश्वत् रेवन्यू सर्वे खतियान में शेख मंजरूल हक एवं अजीजुल हक वल्दान शेख अकरमुल हक वो

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director



रजीउल हक एवं अनिसुल हक वल्दान अशरफुल हक उर्फ नसीरूल हक का नाम दर्ज है ।

यह कि लेख्यकारी एवं उनके मुवक्किलगण अपने-अपने पट्टीदारों से खानगी बंटवारा के द्वारा बंटकर अपने-अपने हिस्सा के मुताबिक एराजी पर शांतिपूर्वक इजमालन काबिज दखिल वो मालिक मुस्तकिल है वो रहते चले आते है । उपरोक्त वर्णित विक्रय सम्पत्ति लेख्यकारी एवं उनके मुवक्किलगण के खास हक वो हिस्से की है, जिसपर सभी विक्रेतागण बिना किसी दूसरे के हस्तक्षेप के काबिज दखिल वो मालिक मुस्तकिल है वो रहते चले आते है ।

यह कि मो0 अफजालुल हक वो मो0 ऐहसानुल हक (लेख्यकारी के मुवक्किलगण नं0- 1 एवं 2)ने अपने हिस्से की सम्पत्ति (एसजी- 65½

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director



डिसमिल) के निश्वत् अपना नाम अंचल सदर पटना में दर्ज करवा लिया है । जिसका जमाबंदी नं0- 709 है ।

यह कि अख्तरी फातमा (लेख्यकारी के मुवक्किलगण नं0- 3) ने अपने हिस्से की सम्पत्ति (एराजी- 33½ डिसमिल) के निश्वत् अपना नाम अंचल सदर पटना में दर्ज करवा लिया है । जिसका जमाबंदी नं0- 1324 है ।

यह कि लेख्यकारी मो0 हस्सानुल हक ने अपने हिस्से की सम्पत्ति (एराजी- 33½ डिसमिल) के निश्वत् अपना नाम अंचल सदर पटना में दर्ज करवा लिया है । जिसका जमाबंदी नं0- 1323 है। तथा सभी विक्रेतागण अपने-अपने हिस्से की सम्पत्ति के निश्वत् लगान अदायेगी की रसीद भी अपने-अपने नाम से कटवाते चले आ रहे है ।

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd



यह कि मो0 अफजालुल हक, मो0 ऐहसानुल हक एवं अख्तरी फातमा ने बनाम लेख्यकारी मो0 हस्सानुल हक को अपने-अपने हिस्से की सम्पत्ति को बिक्री करने हेतु अपना मोख्तार नियुक्त किया है । जिसका बुक नं0- 4, जिल्द नं0- 1, पेज नं0- 185 से 189, वसीका नं0- IV- 8, निबंधित- पटना सिटी, दिनांक 17-1-1984 ई0 है ।

यह कि लेख्यकारी एवं उनके मुवक्किलगण को रूपयों की जरूरत वास्ते करने कर्ज अदाये महाजनान, खरीदने दिगर जायदाद वो अन्य जरूरी कार्यो के अपने असद है । बिना उपरोक्त सम्पत्ति को बिक्री किये रूपये का प्रबन्ध इस समय हो नही सकता है । इसलिए लेख्यकारी ने उपरोक्त खाना संख्या- 5 की वर्णित सम्पत्ति को बिक्री करने का घोषणा किया वो कराया तो साथ

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director

500Rs.



लेख्यधारीगण से उपरोक्त सम्पत्ति का मूल्य अंकेन 2,58,000/- दो लाख अन्ठावन हजार रूपये मात्र मूल्य में सम्पत्ति के खरीद बिक्री की बातचीत तय पा गयी । इससे ज्यादा मूल्य देकर और कोई अन्य व्यक्ति उपरोक्त सम्पत्ति को खरीदने के लिए तैयार नही हुये वो न है तो लेख्यकारी ने साथ लेख्यधारीगण का विक्रयपत्र निबंधन कर देने में अपने आप को लाभ समझा ।

अतएव लेख्यकारी अपने मानसिक तथा शारीरिक स्वस्थ अवस्था में रहकर बिना किसी बाहरी अनुचित दबाब वो धमकाव के अपने हानि-लाभ को पूर्ण ज्ञान सहित सोंच विचार कर उपरोक्त खाना संख्या-5 में वर्णित सम्पत्ति को अंकेन 2,58,000/- दो लाख अन्ठावन हजार रूपये मूल्य में साथ लेख्यधारीगण 1. श्रीमती शकुन्तला

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director

100 Rs.



यादव एवं 2. श्री बृज नन्दन यादव को बिना कोई शर्त के निर्विवाद विक्रयपत्र लिखा वो किया वो बेचा वो विक्रयपत्र का निष्पादन स्वीकार किया ।

यह कि मूल्य का कुल रूपया अंकेन 2,58,000/- दो लाख अन्ठावन हजार रूपये मात्र लेख्यकारी ने इस विक्रयपत्र पर अपना सही बनाने के समय लेख्यधारीगण से नगद वसूल पाया । उपरोक्त सम्पत्ति के मूल्य के निश्वत् अब एक पैसा भी लेख्यकारी का बाकी बकाया साथ खरीददार के नहीं रहा । चाहिए कि लेख्यधारीगण आज तारीख से उपरोक्त सम्पत्ति पर काबिज दखिल वो मालिक मुस्तकिल होकर वो रहकर सम्पत्ति को अपने जिस व्यवहार में चाहें लावें या जो मर्जी चाहे सो करें।

Subhlaksmi Estates Pvt. Ltd

Director




यह कि लेख्यकारी एवं उनके मुवक्किलगण को उपरोक्त वर्णित विक्रय सम्पत्ति में जो स्वामित्व वो अधिकार प्राप्त थी, वह सम्पूर्ण स्वामित्व वो अधिकार इस विक्रयपत्र के माध्यम से लेख्यधारीगण को प्राप्त हुआ । चाहिए कि लेख्यधारीगण अपना-अपना नाम उपरोक्त सम्पत्ति के निश्वत अंचल सदर पटना में या जहां कहीं भी जरूरत समझें दर्ज करा लेवेंगे । अब लेख्यकारी एवं उनके मुवक्किलगण को क्रिसी तरह का हक दावा तथा बाकी बकाया साथ लेख्यधारीगण के नही रहा ।

यह कि लेख्यकारी ने लेख्यधारीगण को यह पूर्ण विश्वास वो भरोसा दिलाया है कि उपरोक्त वर्णित विक्रय सम्पत्ति आज तारीख तक हर प्रकार के नुक्स हकियत, ऋणभार वो वारदैन वगैरह से पुरी तरह पाक वो साफ है । शायद बाद निष्पादन

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd.

Director



इस विक्रयपत्र के उपरोक्त सम्पत्ति पर यह सब दोष वगैरह पाया जायेगा जिसके कारण लेख्यधारीगण को या उनके उत्तराधिकारी को उपरोक्त सम्पत्ति से अंशतः या पूर्णतः बेदखल होना पड़े या किसी भी सरकारी या गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार का ऋणभार वगैरह चुकाना पड़े या उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी दिगर व्यक्ति का हक हिस्सा वगैरह पाया जायेगा तो वैसे अवस्था में लेख्यधारीगण को यह हक है वो होगा कि अपने कुल क्षति की रकम मय हर्जा खर्चा वो कानूनी सूद समेत लेख्यकारी एवं उनके मुवक्किलगण के दिगर चल वो अचल सम्पत्ति से लेख्यकारी से वो उनके मुवक्किलगण से वो उनके उनके उत्तराधिकारी से लेख्यधारीगण वो उनके उत्तराधिकारी वसूल कर लेवेंगे । इसमें लेख्यकारी

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director



एवं उनके मुवक्किलगण को कोई आपत्ति नही है वो न होगा ।

यह कि जानिव उत्तर तरफ 20 फीट चौड़ा रास्ता है, उपरोक्त रास्ता में 10 फौट चौड़ा जमीन पश्चिम से पुरब तक लेख्यधारीगण अपने खरीदे किये गये जमीन में से छोड़ेंगे वो 10 फीट चौड़ा जमीन पश्चिम से पुरब तक उत्तर तरफ के अन्य दिगर खरीदार अपने खरीदारी जमीन में से छोड़ेंगे। उपरोक्त रास्ता को लेख्यधारीगण व उत्तर तरफ के अन्य दिगर खरीदार वगैरह आने जाने के मसरफ में लावेंगे वो उपरोक्त रास्ता में लेख्यधारीगण वो उत्तर तरफ के दिगर खरीदार किसी प्रकार से अतिक्रमण नहीं करेंगे और न ही रास्ते की चौड़ाई को अवरूद्ध करेंगे ।

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director

इस वास्ते लेख्यकारी ने अपने पूर्ण होश वो हवाश में रहकर यह निर्विवाद विक्रयपत्र बनाम वो ~~उन्हक~~ लेख्यधारीगण के लिख दिया कि समय पर काम आवे वो प्रमाण रहे ।

प्रमाणित किया जाता है कि मूल दस्तावेज वो द्वितीय प्रति हु ब हू और ~~सच्ची~~ प्रतिलिपि है।

दिनांक : 16-4-2001

टंकक : एस पी मिश्रा
S.P.Mishra
सी सी बी ए.

ड्राफ्टकर्ता
चन्द मिश्रोरत्वाए
अवर निर्देशन कर्मी
लघु प्रक्षा पीठ

पिता का नाम बशीर अहमद एवं 3. बीबी अख्तरी फातमा पति का नाम मो0 अयुब एवं

बिहार भूमि

प्रपत्र-XIV ख
(देखें नियम-10)
लगान रसीद

ऑनलाइन
Running Unique No.: **0995593591**
(Receipt No.)

जिला:- **Patna**	अंचल:- **Patna Sadar**
हल्का:- **Kankarbag**	मौजा :- **कुम्हरार**
जमाबंदी सं0:- **3775** भाग वर्तमान:- **27** पृष्ठ संख्या:- **8452**	मौजा/थाना सं0:- **4/12**
जमाबंदी रेयत का नाम:- **शकुंतला यादव,BRAJ NANDAN YADAV** अभिभावक का नाम:- **ब्रज नंदन यादव,AMAR SINGH**	पता:- **SARTHUA NALANDA , ,SARTHUA NALANDA**

खाता संख्या	खेसरा संख्या	रकबा/डिसमिल
52	403	0 एकड़ 12.86134 डिसमील 0 हेक्टर

सालाना मांग(बकाया और वर्तमान) चालू वितीय वर्ष का

वितीय वर्ष	सालाना दर	बकाया	वर्तमान	सूद	कुल	अभियुक्ति(बकाया का वर्ष कब से कब तक)
जमाबंदी लगान	10.00	50.00	10.00	0.00	60.00	2015-2016 से 2020-2021
सेस(लगान का 50 प्रतिशत स्वास्थ्य सेस, 50 प्रतिशत शिक्षा सेस, 25 प्रतिशत रोड सेस एवं 20 प्रतिशत कृषि सेस)	14.50	72.50	14.50	0.00	90.00	2015-2016 से 2020-2021
कुल	24.50	122.50	24.50	0.00	150.00	2015-2016 से 2020-2021

वसूली

वितीय वर्ष	बकाया के विरुद्ध वसूली	वर्तमान मांग के विरुद्ध कुल वसूली	कुल वसूली	अवशेष राशि(बकाया का वर्ष कब से कब तक)	अभियुक्ति
लगान	50.00	10.00	60.00	2015-2016 से 2020-2021	
सेस(लगान का 50 प्रतिशत स्वास्थ्य सेस, 50 प्रतिशत शिक्षा सेस, 25 प्रतिशत रोड सेस एवं 20 प्रतिशत कृषि सेस)	72.50	14.50	90.00	2015-2016 से 2020-2021	
कुल	122.50	24.50	150.00	2015-2016 से 2020-2021	

कुल बकाया-150.00

वसूल की गयी राशि शब्दों में- One Hundred Fifty Rupees

तिथि- 18-06-2020

Subhlakshmi Engicon Pvt. Ltd

Director

यह एक कम्पयुटर जनित प्रति है।
यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
इसका उपयोग किसी भी न्यायलय में साक्ष्य के रूप में नही किया जा सकता है।
किसी भी प्रकार की अशुद्धियों के लिए सम्बन्धित अंचलाधिकारी से संपर्क करें।